व्याकरण

Date ..../..../....

Page ....

पाठ – १
भाषा और व्याकरण

दिन : मंगलवार
दिनांक : १६ जून, 2020

भाषा :- समाज में रहते हुए अपने मन के भावों एवं विचारों के परसपर आदान - प्रदान हेतु जिस साधन को उपयोग में लाया जाता है, उसे '**भाषा**' कहते हैं।

भाषा के निम्नलिखित दो भेद होते हैं :-

१. मौखिक भाषा
२. लिखित भाषा

* निम्नलिखित वाक्यों से भाषा का कौन - सा रूप / भेद प्रकट होता है?

१.	पिताजी अखबार पढ़ रहें हैं।	मौखिक
२.	सोहन पत्र लिख रहा है।	लिखित
३.	नेता जी भाषण दे रहे हैं।	मौखिक
४.	गीता पुस्तक पढ़ रही है।	मौखिक
५.	मैं अपना गृहकार्य कर रहा हूँ।	लिखित

Date .... Page ....

लिपि :- भाषा की मौखिक ध्वनियों को रूप देने के लिए कुछ निश्चित चिह्न निर्धारित किए गए हैं। व्याकरण में इन्हीं चिह्नों की व्यवस्था को 'लिपि' कहा जाता है।

* निम्नलिखित भाषाओं की लिपियाँ लिखिए :-

१.	नेपाली	देवनागरी
२.	मराठी	देवनागरी
३.	हिंदी	देवनागरी
४.	उर्दू	अरबी
५.	जर्मन	रोमन
६.	अंग्रेजी	रोमन
७.	संस्कृत	देवनागरी
८.	पंजाबी	गुरुमुखी
९.	फ्रेंच	रोमन
१०.	बाँगला	बंगला

Date ....../....../......

Page ....

दिन: वीरवार

दिनांक: १८ जून, २०

व्याकरण :- "वह शास्त्र, जो हमें किसी भाषा को शुद्ध लिखना, शुद्ध पढ़ना तथा शुद्ध बोलना सिखाए, उसे 'व्याकरण' कहते हैं।"

व्याकरण के निम्नलिखित चार विभाग होते हैं

1. वर्ण विचार => इसके अंतर्गत वर्णों का आकार, उच्चारण, वर्गीकरण आदि नियमों पर विचार किया जाता है।

2. शब्द विचार => इसके अंतर्गत शब्दों के भेद, व्युत्पत्ति आदि से शब्द नियमों की जानकारी प्राप्त होती है।

3. पद या रूप विचार => इसके अंतर्गत संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण आदि पदों पर विचार किया जाता है।

4. वाक्य विचार => इसके अंतर्गत भेद, उनके संबंध वाक्य विशेषण आदि के बारे में विचार किया जाता है।

* खाली स्थानों में उत्तर लिखिए :-

Date .... / .... / ....
Page ....

1. वर्ण विचार के अंतर्गत अध्ययन किया जाता है। ⇒ आकार, उच्चारण, वर्गीकरण
2. शब्द विचार के अंतर्गत अध्ययन किया जाता है। ⇒ भेद, व्युत्पत्ति आदि
3. वाक्य विचार के अंतर्गत अध्ययन किया जाता है। ⇒ भेद, उनके संबंध, वाक्य विशेषण आदि

* रिक्त स्थान भरो :-

1. मनुष्य के जीवन में यदि भाषा न होती, तो उसका जीवन निस्सार हो जाता है।
2. विचारों के आदान-प्रदान का सर्वोच्च साधन भाषा है।
3. भाषा का प्रयोग मनुष्य बोलकर और लिखकर कर सकता है।
4. व्याकरण के तीन अंग होते हैं।
5. भाषा का निर्माण पहले होता है, व्याकरण का बाद में।
6. हिंदी हमारी मातृभाषा है।

Date ....../....../......

Page ....

* सही / गलत :-

1. भाषा के मौखिक रूप को सीखने के लिए हमें अतिरिक्त प्रयास करने पड़ते हैं। — गलत (x)

2. संसार में मनुष्य ही भाषा का प्रयोग करने वाला प्राणी है। — सही (✓)

3. बोली के जिस रूप को पढ़े-लिखे लोग प्रयोग में लाते हैं, उसे उप-भाषा कहते हैं। — सही (✓)

4. भाषा हमारे जीवन की अनिवार्य आवश्यकता है। — सही (✓)

5. मातृभाषा का प्रयोग करते समय हम सतर्क और औपचारिक रहते हैं। — गलत (x)